दैनिक जागरण 14/09/2024

# भाषण में मुस्कान, मोनो एक्टिंग में खुशी प्रथम

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस में विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस के तहत कविता और भाषण, मोनो एक्टिंग, मिमिक्री, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह स्पर्धा हमारे विद्यार्थियों के छिपे हुए कौशल को सामने लाने का एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विजेताओं और आयोजन समिति को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की संयोजक डा. मंजीत कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इसके माध्यम से छात्रों में आत्मविश्वास का विकास होता है और उन्हें मंच पर अपनी कला और ज्ञान को निखारने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में डा. कृष्ण कुमार, डा. नियति, डा. अनुपमा सिहाग, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. नीना, डा. अंशु चौधरी, कमलेश कुमारी, डा. रितु गुप्ता, डा. ज्योति, प्राध्यापक महक एवं सुजाता, पूर्व छात्रा अंजलि वधावन एवं उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



जीएमएन कालेज में प्रतिभा खोज भाग लेती छात्राएं। • सौजन्य विज्ञप्ति

## यह रहे परिणाम

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीकाम फर्स्ट ईयर के शाइन राय और सुहाना राव की टीम ने हासिल किया। द्वितीय स्थान बीसीए फर्स्ट ईयर के बरिंदरजीत सिंह एवं आदर्श की टीम ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान पर बीसीए फर्स्ट ईयर की अलीशा एवं मीरा की टीम ने हासिल किया।
- भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीबीए फर्स्ट ईयर की मुस्कान, द्वितीय बीए फर्स्ट ईयर के मोहम्मद आसिफ खान, तीसरे स्थान पर बीए फर्स्ट ईयर की शिफा शेख रहीं
- कविता पाठ में प्रथम स्थान पर एमए राजनीतिक विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा रविंद्र कौर, द्वितीय स्थान पर बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा, तीसरा स्थान बीएससी फर्स्ट ईयर की निधि ने हासिल किया
- मिमिक्री में बीबीए फर्स्ट ईयर की नेहा ने प्रथम
- मोनो एक्टिंग में बीबीए फर्स्ट ईयर की खुशी कश्यप प्रथम
- पेंटिंग प्रतियोगिता में बीकाम फर्स्ट ईयर की दीपांशु प्रथम, एमकाम फर्स्ट ईयर की अंशिका द्वितीय तथा बीएससी लाइफ साइंस की निधि ने तृतीय स्थान हासिल किया।